STATESMAN, Delhi, 27.7.2025
Page No. 10, Size:(15.74)cms X (10.07)cms.

# Dahej processes 207TBTU of LNG in Q1

During the current quarter ended 30 June, 2025, Dahej terminal processed 207 TBTU of LNG as against 189 TBTU during the previous quarter ended 31 March, 2025 and 248 TBTU during the corresponding quarter ended 30 June, 2024.

The overall LNG volume processed by the company in the current quarter was 220 TBTU, as against the LNG volume processed in the previous and corresponding quarters, which stood at 205 TBTU and 262 TBTU respectively.

As a significant milestone, net worth of the company as on 30 June, reached Rs 20,233 crore (as on 31 March, 2025 ~ Rs 19,382 crore) crossing the Rs 20,000 crore mark.

BUSINESS LINE, Delhi, 27.7.2025
Page No. 6, Size:(7.04)cms X (10.90)cms.

# Moderation likely

## CRUDE CHECK. Traders can consider selling

**Akhil Nallamuthu**
bl. research bureau



Crude oil prices fell last week. Brent crude oil futures on the Intercontinental Exchange (ICE) ($67.70/barrel) was down 2.3 per cent and the crude oil futures on the MCX (₹5,648/barrel) lost 1 per cent.

**BRENT FUTURES** ($67.70)
Brent crude oil futures was trading flat last week until Thursday. But on Friday, it saw a notable decline.

The price action hints at further fall towards the nearest support at $66. A breach of this can drag the contract to $62.

On the other hand, if there is a recovery from the current level of $67.70, it will face hurdles at $69 and $71.

**MCX-CRUDE OIL** (₹5,648)
Crude oil futures (Aug) continues to trade within the narrow range of ₹5,625-5,820. This range has been intact since early July. The chart shows that there is a broader range of ₹5,460-5,820 within which the contract has been trading since the final week of June.

In case crude oil futures breaches the support at ₹5,460, the near-term outlook can turn bearish and can decline to ₹5,150 or possibly to ₹5,000.

If the resistance at ₹5,820 is invalidated, crude oil futures can extend the gain to ₹6,300, a resistance. A breakout of ₹6,300 can take the contract up to ₹6,500.

That said, in case the Brent crude oil futures declines as its price action indicates, MCX crude oil futures too can drop.

**Trade strategy:** Traders who can take higher risks can short crude oil futures at ₹5,700. Target and stop-loss can be ₹5,460 and ₹5,820 respectively.

PUNJAB KESARI, Delhi, 27.7.2025
Page No. 4, Size:(38.68)cms X (24.52)cms.

### रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और निरीक्षण

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक बनेगा एलिवेटेड रोड

### दिल्ली में विकास की रफ्तार जारीः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

### मुनक नहर के किनारे विकसित होगा नया रिवरफ्रंट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मुनक नहर से जुड़ी एलिवेटेड सड़क परियोजना के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया यह सड़क इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी और आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी।

इस योजना में नहर के दोनों ओर सड़क और ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र दिल्ली के सबसे सुंदर इलाकों में गिना जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का भी निरीक्षण किया और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों में जन उपयोगी परियोजनाओं का उद्घाटन और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा। जिसके पूरा होने के बाद इलाके के लोगों को भी ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाएगी। उधर, स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें दिल्ली में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन्यवाद दिया।




विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जानकारी देते अधिकारी।

## लाला जगत नारायण मार्ग पर प्रस्तावित यू-टर्न का किया शिलान्यास

जेडी ब्लॉक में हाई मास्क लाइट भी दो लाख रुपए की लागत से लगाई जा चुकी है। यह सभी योजनाएं स्थानीय नागरिकों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई हैं। साथ ही लाला जगत नारायण मार्ग पर एनएसपी से मधुबन चौक पर प्रस्तावित यू टर्न (40 लाख रुपए) का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में चल रही अन्य परियोजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 15 नए आरोग्य मंदिर खोले जा रहे हैं, जो प्राइमरी हेल्थ केयर की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। साथ ही मैक्स अस्पताल के पास में स्थित वर्षों से अधूरा पड़ा भवन अब एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया जाएगा। हर ब्लॉक में नई जल पाइप लाइन और सीवर लाइनें बिछाई जा रही हैं, ताकि सडक निर्माण कार्य के पहले ही बुनियादी समस्याओं का हल निकाला जा सके।

## पीतमपुरा में कई विकास कार्यों का शुभारंभ...

रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। इसके साथ ही एसपी-1 से एसपी-65 तक 11 लाख रुपए के बजट से तैयार की गई नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 91 लाख रुपए की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य एक सुनियोजित तरीके से हो रहे हैं ताकि लोगों को स्थायी समाधान मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपए की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया गया। इसके अलावा जेपी, केपी, एमपी, एलपी ब्लॉकों में 1.35 करोड़ रुपए की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

VIRAT VAIBHAV, Delhi, 27.7.2025
Page No. 3, Size:(20.94)cms X (13.68)cms.

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक बनेगा एलिवेटेड रोड : रेखा गुप्ता

## मुनक नहर के किनारे विकसित होगा नया रिवरफ्रंट

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को मुनक नहर से जुड़ी एलिवेटेड सड़क परियोजना के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया यह सड़क इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी और आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी। इस योजना में नहर के दोनों ओर सड़क और ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र दिल्ली के सबसे सुंदर इलाकों में गिना जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का भी निरीक्षण किया और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बता दें कि शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों में जन उपयोगी परियोजनाओं का उद्घाटन और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा। जिसके पूरा होने के बाद इलाके के लोगों को भी ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

उधर, स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें दिल्ली में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। इसके साथ ही एसपी-1 से एसपी-65 तक 11 लाख रुपए के बजट से तैयार की गई नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 91 लाख रुपए की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य एक सुनियोजित तरीके से हो रहे हैं ताकि लोगों को स्थायी समाधान मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपए की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया गया।

इसके अलावा जेपी, केपी, एमपी, एलपी ब्लॉकों में 1.35 करोड़ रुपए की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जेडी ब्लॉक में हाई मास्क लाइट भी दो लाख रुपए की लागत से लगाई जा चुकी है। यह सभी योजनाएं स्थानीय नागरिकों की मूलभूत ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई हैं। साथ ही लाला जगत नारायण मार्ग पर एनएसपी से मधुबन चौक पर प्रस्तावित यू टर्न (40 लाख रुपए) का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में चल रही अन्य परियोजनाओं की भी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 15 नए आरोग्य मंदिर खोले जा रहे हैं, जो प्राइमरी हेल्थ केयर की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, मैक्स अस्पताल के पास में स्थित वर्षों से अधूरा पड़ा भवन अब एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया जाएगा। हर ब्लॉक में नई जल पाइपलाइन और सीवर लाइनें बिछाई जा रही हैं, ताकि सड़क निर्माण कार्य के पहले ही बुनियादी समस्याओं का हल निकाला जा सके।

DAINIK BHASKAR, Delhi, 27.7.2025
Page No. 3, Size:(13.59)cms X (12.71)cms.

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक बनेगा एलिवेटेड रोडः सीएम

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण किया। सीएम ने कहा, क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा। इससे ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाएगी। सीएम ने पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। 91 लाख रुपये की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं। वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण हुआ।

HARI BHOOMI, Delhi, 27.7.2025
Page No. 3, Size:(28.53)cms X (21.30)cms.

### मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी एलिवेटेड सड़क : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड सड़क बनाने का काम शुरू किया जाएगा और मुनक नहर के किनारे नया रिवरफ्रंट विकसित किया जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के पीतमपुरा में करोड़ों रुपए की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण के दौरान कही।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एलिवेटेड सड़क बनने से आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी और क्षेत्र भी सुंदर हो जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें दिल्ली में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। इसके साथ ही एसपी-1 से एसपी-65 तक 11 लाख रुपये के बजट से तैयार की गई नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 91 लाख रुपये की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया।

इसके अलावा जेपी, केपी, एमपी, एलपी ब्लॉकों में 1.35 करोड़ रुपये की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जेडी ब्लॉक में हाई मास्क लाइट भी दो लाख रुपये की लागत से लगाई जा चुकी है। यह सभी योजनाएं स्थानीय नागरिकों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई हैं।

### प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना को जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का भी निरीक्षण किया और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लाला जगत नारायण मार्ग पर एनएसपी से मधुबन चौक पर प्रस्तावित यू टर्न (40 लाख रुपये) का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में चल रही अन्य परियोजनाओं की भी जानकारी दी।

NAVODYA TIMES, Delhi, 27.7.2025
Page No. 4, Size:(28.53)cms X (11.09)cms.

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक मुनक नहर के ऊपर बनेगी एलिवेटेड रोड: सीएम रेखा गुप्ता

## मुनक नहर के किनारे विकसित होगा नया रिवरफ्रंट

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (नवोदय टाइम्स):** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों में जन उपयोगी परियोजनाओं का उद्घाटन और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद कहा कि क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने मुनक नहर से जुड़ी एलिवेटेड सड़क परियोजना के बारे में कहा कि यह सड़क इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी और आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी। इस योजना में नहर के दोनों ओर सड़क और ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र दिल्ली के सबसे सुंदर इलाकों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि मुनक नहर के किनारे नया रिवरफ्रंट भी विकसित होगा।



## 'अगर वाहन प्रदूषण नहीं कर रहा तो उस पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी है कि फिटनेस टेस्ट पास करने वाले और प्रदूषण नहीं फैलाने वाले वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में बिना किसी उम्र सीमा के चलने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश में नियम एक समान होने चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर कोई गाड़ी प्रदूषण कर रही है तो पांच साल में भी उसे बंद कर देना चाहिए। अगर गाड़ी प्रदूषण नहीं कर रही है तो उस पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में रखा है। उन्होंने कहा कि मैं समझती हूं कि कोर्ट इसका संज्ञान लेगा और दिल्ली की जनता को उनके अधिकार देगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन प्रदूषण नहीं फैलाता है और फिटनेस टेस्ट पास कर लेता है, तो उस पर कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का पक्ष रखना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने पर्यावरण पर कोई काम नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का निरीक्षण किया और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लाला जगत नारायण मार्ग पर एनएसपी से मधुबन चौक पर प्रस्तावित यू टर्न का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में 15 नए आरोग्य मंदिर खोले जा रहे हैं, जो प्राइमरी हेल्थ केयर की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

## शालीमार बाग में करोड़ों की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**साथ ही, मैक्स अस्पताल के पास में** स्थित वर्षों से अधूरा पड़ा भवन अब एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया जाएगा। हर ब्लॉक में नई जल पाइपलाइन और सीवर लाइनें बिछाई जा रही हैं, ताकि सड़क निर्माण कार्य के पहले ही बुनियादी समस्याओं का हल निकाला जा सके। सीएम ने पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही, जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपए की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया गया।

DAINIK TRIBUNE, Delhi, 27.7.2025
Page No. 8, Size:(15.90)cms X (14.04)cms.

### फैक्टरी के बहाने वारदात करने का प्रयास

# पाइप लाइन से तेल चोरी के लिए बनाई सुरंग, हुआ पर्दाफाश



नारनौंद में पाइप लाइन से तेल चोरी करने के लिए बनाई सुरंग। -निस

नारनौंद, 26 जुलाई (निस)

हिसार जिले के गांव लोहारी राघों के पास हैबतपुर सड़क पर ब्लॉक बनाने की फैक्टरी की आड़ में एचसीएल की पाइपलाइन से तेल चोरी करने के लिए लंबी सुरंग बनाई गई। तेल की बड़ी चोरी होने से पहले ही पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन मौके पर पहुंचे उन्होंने गहनता से निरीक्षण किया। आदेश दिए की पूरे क्षेत्र में इस पाइपलाइन की चेकिंग की जाए ताकि गिरोह के सदस्य किसी अन्य जगहों पर भी ऐसी वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसी तैयारी कर रहे हो।

जानकारी के अनुसार, गांव लोहारी राघों के हैबतपुर सड़क मार्ग पर खेत में हिसार के आर्य नगर निवासी अर्जुन उर्फ टोनी ओर भोलू ने पांच साल के लिए इस जमीन को करीब दो महीने पहले ही ब्लॉक ईटों की फैक्ट्री बनाने के लिए लीज पर लिया था। उन्होंने जमीन के चारों तरफ लंबी दीवार बनवा दी और एक कमरा और केबिन बनाकर पाइप लाइन से तेल चोरी का खेल शुरू कर दिया। यहां से एचपीसीएल की तेल पाइप लाइन 100 फीट की दूरी पर थी। इसके लिए उन्होंने 60 फुट लंबी सुरंग भी खोद डाली थी।

वे अपने मंसूबों में कामयाब हो पाते इससे पहले ही पुलिस ने उनका पर्दाफाश कर दिया। तेल चोरी के मामले में राजस्थान पुलिस ने एक युवक को पकड़ा हुआ था। पूछताछ उसने बताया कि गांव लोहारी राघों में भी पाइप लाइन से तेल चोरी करने के लिए खुदाई की जा रही हैं। इसी सूचना पर राजस्थान पुलिस के डीएसपी शिवा भारद्वाज के नेतृत्व में नारनौंद पुलिस के साथ मिलकर खेत में रेड की गई तो सभी युवक वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने उस जगह को सील कर दिया है।

**किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा**

नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि तेल चोरी करने के लिए लंबी सुरंग खोदी जा रही थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली जा रही है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है।

पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। किसी भी आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

AMAR UJALA, Delhi, 27.7.2025
Page No. 8, Size:(8.25)cms X (4.44)cms.

# प्रमुख न्यायाधिकरणों के रिक्त पदों को भरने में केंद्र सरकार की कार्रवाई की सराहना

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) और विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति में केंद्र सरकार की समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

सुनवाई के दौरान जस्टिस सचिन दत्ता ने सरकार के प्रयासों की सराहना की, विशेष रूप से स्थायी वकील आशीष दीक्षित की त्वरित पैरवी के लिए उनकी भूमिका की सराहना की। मामला पीएनजीआरबी में सदस्य (विधि) और एपीटीईएल में सदस्य (तकनीकी) के पदों के लिए लंबे समय से रिक्तियों के कारण हाईकोर्ट में सीधे दायर की गई कई रिट याचिकाओं से आया। न्यायिक कार्यवाही और प्रशासनिक दक्षता पर इन रिक्तियों के प्रभाव को देखते हुए अदालत ने 9 मई, 2025 को भारत संघ को एक नोटिस जारी कर पदों को भरने की समय-सीमा पर स्पष्टता मांगी थी। निर्देश का जवाब देते हुए अधिवक्ता ने 22 मई, 2025 को अदालत को सूचित किया कि सदस्य (विधि) का पद 16 मई, 2025 तक भर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एपीटीईएल में तकनीकी सदस्य की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। अगली सुनवाई में सरकार ने पुष्टि की कि तकनीकी सदस्य ने 12 जून, 2025 को पदभार ग्रहण कर लिया है। इन घटनाक्रमों को स्वीकार करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार की व्यावसायिकता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। संवाद

PIONEER ( HINDI), Delhi, 27.7.2025
Page No. 4, Size:(29.10)cms X (22.49)cms.

# शालीमार बाग के विकास कार्यों को रफ्तार

## मुख्यमंत्री ने सीवर लाइन, वीपी व एफपी ब्लॉक में गैस पाइपलाइन जैसे लंबित कार्यों की शुरुआत की

- सीएम बोलीं, समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के टीपी ब्लॉक में सीवर लाइन, वीपी व एफपी ब्लॉक में गैस पाइपलाइन और सड़क निर्माण जैसे वर्षों से लंबित विकास कार्यों की शुरूआत की। यहा जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा की।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा में सड़क चौड़ीकरण, यू-टर्न सेक्शन सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से देने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में इसी संकल्प के साथ विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्याओं के समाधान को लेकर भी हमारी सरकार पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर दिल्ली सरकार व्यवहारिक विकल्प तैयार कर रही हैं, वहीं यह भी मानती हैं कि किसी समस्या का समाधान ऐसा न हो जिससे जनता को परेशानी हो। इसी भावना से सरकार ने पुराने वाहनों से जुड़े आदेश के विरुद्ध न्यायालय में अपील दायर की है, ताकि समाधान संतुलित, न्यायसंगत और जनहितकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि 01 से 31 अगस्त तक दिल्ली को कूड़े से आजादी का विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा, जो सिर्फ स्वच्छता नहीं, आजादी के अमृत महोत्सव का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से इस स्वच्छता अभियान में जुड़ने का आग्रह किया है।